10 अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल इनवेलिडेट...



12 निषादों का जाल खुशहाली का प्रतीक : दीवान



## खबर संक्षेप

### रायपुर क्राइम ब्रांच पर दो लाख चोरी के आरोप

**भिलाई।** रायपुर क्राइम ब्रांच के पांच पुलिस कर्मियों पर चोरी का आरोप लगा है। कारोबारी ने धनतेरस के दिन पुलिस कर्मियों पर 2 लाख रुपए चुराने का आरोप लगाया है। जिसकी लिखित शिकायत दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल से की है। मिली जानकारी के मुताबिक मयंक गोस्वामी का धमतरी में बाइक शो-रूम है। वह धनतेरस के दिन धमतरी से अपने घर दुर्ग आ रहा था। आरोप है कि प्रशांत शुक्ला, धनंजय गिरी गोस्वामी समेत 6 पुलिसकर्मी उसका पीछा करते हुए घर तक आ पहुंचे और चेकिंग के बहाने कार की तलाश ली। इस दौरान कार में रखे 2 लाख रुपए गायब हो गए। कारोबारी के मुताबिक यह रकम पुलिस कर्मियों ने निकाली है। कारोबारी के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में पुलिसकर्मी कार की तलाशी लेते नजर आए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने रायपुर एसएसपी को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि कारोबारी से शिकायत मिली थी। रिपोर्ट बनाकर रायपुर एसएसपी को भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई जांच के बाद रायपुर से ही की जाएगी।

### पटाखों से 21 घायल, चाकूबाजी के 65 केस पहुंचे अस्पताल

**भिलाई।** दीवाली की रात पटाखा जलाने के दौरान 21 लोग घायल गए। वहीं चाकूबाजी में 65 लोग अस्पताल में उपचार करा रहें है। यह घटना शहर के विभिन्न थाना क्षेत्र से है। पटाखों से हाथ, पैर और चेहरे पर जलन या चोटें आई हैं। सभी का उपचार सुपेला अस्पताल भिलाई और जिला अस्पताल दुर्ग में हो रहा है। दिवाली पर भिलाई के सुपेला अस्पताल में पटाखों से जलने या घायल के कुल 12 मामले सामने आए। लेकिन ज्यादातर लोग मामूली रूप से घायल हुए थे और सभी का इलाज सुपेला अस्पताल में जारी है। दिवाली से एक दिन पहले रविवार को ही 2 केस आए थे। दिवाली की रात सोमवार को 9 केस सामने आए, जबकि मंगलवार को 1 नया मामला अस्पताल पहुंचा। जबकि दुर्ग जिला अस्पताल में दिवाली के समय पटाखों से जलने या घायल होने के 9 मामले आए। दिवाली की रात को 6 मरीज पटाखा जलाने के दौरान झुलस गए थे। वहीं मंगलवार की सुबह 3 और मरीज इसी वजह से अस्पताल पहुंचे। इनमें से एक मरीज की हालत गंभीर बताई गई है, जिसे भर्ती किया गया है। बाकी मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दिया गया है।

### तीन दिनों के बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़त

**भिलाई।** मानसून की विदाई के बाद अब तापमान में गिरावट आएगी। वर्तमान में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। आने वाले तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। मौसम विभाग के हिसाब से दुर्ग संभाग में बारिश की संभावना नहीं है लेकिन हल्की बारिश कहीं-कहीं कुछ देर के लिए हो सकती है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 5 नवंबर से

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत 5 नवम्बर से 11 नवम्बर 2025 तक द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर की यात्रा के लिए जिले से 445 वरिष्ठ नागरिक यात्रा में भेजे जाएंगे। 60 वर्ष या 60 वर्ष से ऊपर के लोग यात्रा में शामिल हो रहे हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि जिले के 445 यात्री जिसमें 334 ग्रामीण व 111 शहरी क्षेत्र के यात्री एवं 11 अनुरक्षक को सम्मिलित करते हुए कुल 456 का कोटा निर्धारित है। उक्त यात्रा में 80 प्रतिशत हितग्राही बीपीएल, अंत्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी एवं 20 प्रतिशत हितग्राही गरीबी रेखा के ऊपर एपीएल के नागरिक होंगे।

# लाखों के सोलर हाईमास्ट लाइट बने शो पीस, मेंटेनेंस के अभाव में अंधेरे में डूबे चौक-चौराहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रात में भी शहर जैसा उजियारा गांवों में फैलाने के लिए लाखों रुपए की लागत से सोलर हाईमास्ट लाइट लगाए गए हैं, लेकिन दो से पांच साल पहले लगे ये लाइट मेंटनेंस के अभाव में केवल शो पीस बन कर रह गए हैं। सरपंच सचिव सहित अन्य ग्रामीण अपने स्तर पर इन लाइटों को बनवाने का प्रयास भी कर रहे हैं। किसी को टेक्निशियन नहीं मिल रहा है तो किसी का फंड की दिक्कत है। इन समस्याओं के चलत इन लाइटों की मरम्मत नहीं हो पाई है। गांवों में क्रेडा के सहयोग से ये हाईमास्टम लाइट गांव के मुख्य चौक, रंगमंच जैसे स्थानों पर लगाए गए हैं। हाईमास्ट लाइट लगाने वाली कंपनी ने मेंटनेंस की भी जिम्मेदारी ली थी। पांच साल मेंटनेंस करने का एग्रीमेंट किया गया था, लेकिन हाईमास्ट लाइट लगाने के कुछ माह बाद ही कम्पनी काम छोड़कर चली गई। समस्या इसके बाद शुरू हुई। हाईमास्ट लाइट लगाए जाने के बाद इनका मेंटनेंस ही नहीं किया गया। अब स्थिति यह है कि अधिकांश गांवों में हाईमास्ट लाइट पूरी तरह से खराब हो चुके हैं। किसी की बैटरी खराब हो गई है तो किसी की एलईडी उड़ गई है। वायरिंग जैसी छोटी छोटी समस्याएं भी दूर नहीं हो पा रही है। सरपंच सचिवों ने बताया कि कई बार वे मेंटनेंस के लिए विभाग के अधिकारियों को बोल चुके हैं, लेकिन सालों से इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## मेंटनेंस के लिए विभाग नहीं दे रहा ध्यान

### सोलर सिस्टम का खर्च ज्यादा

कई गांवों में सरपंच, सचिव ने हाईमास्ट लाइट की मेंटनेंस का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि सोलर सिस्टम होने के कारण इसके पाट्र्स काफी महंगे मिलते हैं। इसकी बैटरी, सोलर पैनल, एलईडी लाइट काफी महंगी है, जिसके कारण उन्हें हाथ खीचना पड़ा। इस सिस्टम के टेक्निशियन भी आसानी से नहीं मिलते हैं। कई बार सोलर सिस्टम को इलेक्ट्रिक सिस्टम से रिप्लेस करने की प्लानिंग भी की गई, लेकिन हाईमास्ट की उंचाई इतनी अधिक है कि वहां तक वायर पहुंचना काफी कठिन है। इसके अतिरिक्त पूरा सिस्टम ही बदलना पड़ेगा। इस कारण अधिकांश गांवों में हाईमास्ट लाइट की ओर ध्यान देना ही बंद कर दिया गया है।



### क्रेडा से हो सकता है काम

अक्षय उर्जा अभिकरण यानि क्रेडा मेटनेस कार्य को आसानी से कर सकती है। लेकिन बताया जाता है कि केड़ा के पास अतिरिक्त कोई फंड नहीं होता है। ऐसे में यदि पंचायत अपने फंड का उपयोग कर क्रेडा की सहायता से मेंटनेंस कार्य करवाए तो हाइमास्ट लाइट बन सकते हैं और इनका सदुपयोग भी हो सकता है। उल्लेखनीय है कि गांवों में स्ट्रीट लाइट का बिल काफी अधिक आता है। चौक चौराहों पर लगे हाईमास्ट लाइट काफी बड़ा एरिया कवर करते हैं। इन लाइटों को फिर से जलाया जाए तो बिजली बिल में काफी कमी लाई जा सकती है।

## हादसा : बोलेरो वाहन में 10 लोग थे सवार, भोरमदेव कबीरधाम लौट रहे थे

# सैगाना में बेकाबू बोलेरो ने बुजुर्ग को रौंदा, मौके पर मौत, पांच हुए गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा-कवर्धा नेशनल हाईवे 30 पर बुधवार को ग्राम सैगाना में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कवर्धा की ओर से आ रही एक बेकाबू बोलेरो वाहन ने तालाब से उतर रहे 65 वर्षीय बुजुर्ग बनवाली सिन्हा को लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया।

यह भयानक दुर्घटना सीसी फुटेज में कैद हो गई है, जिसमें दिख रहा है कि अनियंत्रित बोलेरो ने बड़ी बेदर्दी से ठोकर मारी, जिससे वृद्ध फुटबॉल की तरह उछलकर दूर जा गिरे। ठोकर मारने के बाद कार आगे जाकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में वृद्ध बनवाली सिन्हा की मौके पर ही मौत हो गई। बोलेरो कार में चालक रवि कुमार साहू और दो महिलाओं समेत कुल 10 व्यक्ति सवार होना बताया जा रहा है। कार सवार सभी व्यक्ति कुम्हारी के निवासी हैं और भोरमदेव दर्शन करने के बाद वापस लौट रहे थे। हादसे में कार सवार 5 लोगों को सामान्य चोटें आई हैं, जबकि 5 अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए और वाहन में फंसे घायलों को निकालने में सहयोग किया।



### गंभीर घायलों को रायपुर रेफर पुलिस ने शुरू की विवेचना

थान खम्हरिया पुलिस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल रायपुर रेफर कर दिया गया है। मृतक बनवाली सिन्हा के शव को जिला अस्पताल लाया गया है, जहां शव को शव कक्ष (मर्च्युरी) में रखा गया है। पुलिस ने इस भयानक सड़क हादसे के संबंध में मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया है।

### सैगाना बना डेंजर जोन

बेमेतरा-कवर्धा हाईवे पर स्थित सैगाना गांव अब 'डेंजर ज़ोन' में शामिल हो गया है। यहाँ लगातार सड़क हादसे होते रहते हैं, जिनमें अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। इस भयावह दुर्घटना ने एक बार फिर इस मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# हर हितग्राही का स्वच्छ शौचालय व पक्का घर तय समय में पूरा हो, यही हमारी प्राथमिकता है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक योजना के लक्षित परिणाम समयबद्ध ढंग से प्राप्त किए जाएं और एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।स्वच्छ भारत मिशन में तेज़ी लाने के निर्देश कलेक्टर श्री शर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, स्वीकृति प्रक्रिया, सत्यापन एवं अपलोडिंग कार्य की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में शौचालय निर्माण या स्वीकृति लंबित है, वहां की सूची तत्काल जारी कर सेंशन कर शत-प्रतिशत स्वीकृति सुनिश्चित की जाए।"स्वच्छ भारत मिशन केवल निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि यह सम्मान, स्वास्थ्य और व्यवहार परिवर्तन का अभियान है, कलेक्टर ने कहा। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ और सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित स्वीकृतियां जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराए जाएं।

■ कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत एवं अपूर्ण आवासों की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को सूची में शामिल करते हुए नई सूची जारी की जाए।जो आवास निर्माणाधीन हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि हितग्राही दीपावली से पहले अपने नए घर में प्रवेश कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष सेशन आयोजित कर अपूर्ण आवासों की समीक्षा की जाए तथा आवश्यक होने पर फील्ड विजिट कर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली जाए।कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील रहें और प्रत्येक योजना का फील्ड लेवल पर साक्ष्य-आधारित प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन अपडेट करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाएं जनजीवन सुधारने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शी, त्वरित और पूर्ण रूप से पहुँचना चाहिए।समीक्षा बैठक में अधिकारी एवं संबंधित तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम में वस्त्रदान एवं मिठाई वितरण



**बेमेतरा।** दीपावली के पवित्र अवसर पर कबीर धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा सिंघौरी के सदस्यों ने वृद्धाश्रम बेमेतरा में वस्त्रदान और मिठाई वितरण का आयोजन किया। संस्था प्रमुख विष्णु वर्मा ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य निसहाय लोगों की मदद करना और समाज में सेवा का भाव जागृत करना और कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा, जीव सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रम को बढ़ावा देना था। अवसर पर केडीवी मिशन सिंघौरी प्रमुख विष्णु वर्मा, युवा प्रमुख पोषण वर्मा, ग्रंथ समिति उपाध्यक्ष रतन वर्मा, के साथ ग्राम के वरिष्ठ जन सीताराम वर्मा, झाड़ु राम वर्मा, लच्छन वर्मा, सुरेश वर्मा, दोहाई लाल वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, तोकेश्वर साहू पार्षद, नीतू कोठारी पार्षद,नारद साहू, टिकेश्वर साहू, प्रीतम वर्मा, गजाधर साहू, सूरज साहू, सौरभ वर्मा हेमलाल वर्मा,जगदीश साहू तथा अन्य उपस्थित रहे।

# ग्राम मूरता में गौरी-गौरा पूजा, जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम मूरता में आयोजित गौरी-गौरा पूजा कार्यक्रम ने इस वर्ष भी ग्रामीणों के बीच उत्साह और उल्लास का माहौल पैदा किया। यह पारंपरिक आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सूर्योदय के समय हुई, जब स्थानीय महिलाएं रंग-बिरंगे परिधान और पारंपरिक आभूषणों में सज-धज कर पूजा स्थल पर पहुंचीं। सभी ने मिलकर माता गौरी की विधिपूर्वक पूजा की और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर जोर

इस अवसर पर मधु रॉय ने कहा कि, ऐसे पारंपरिक कार्यक्रम न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और मेलजोल को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और महिलाओं की व्यापक भागीदारी की सराहना की। ग्राम मूरता के लोगों ने बताया कि गौरी-गौरा पूजा का आयोजन हर वर्ष बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जाता है, और इस बार जिला पंचायत सदस्य की मौजूदगी ने इसे और भी यादगार बना दिया।

### सीवरेज का गंदा पानी जा रहा तालाब में, इसमें अर्ध्य देंगी छठ व्रतधारी

**भिलाई।** दो दिन बाद 25 अक्टूबर को छठी माता का पर्व है। 28 अक्टूबर को वृतधारी महिलाएं उगते सूर्य को अर्ध्य देंगी। हर साल की तरह इस बार भी वार्ड 22 कुरुद स्थित नकटा तालाब में सैकड़ों की संख्या में वेदियां तैयार की गई है, लेकिन यहां महिलाओं को सीवरेज मिले गंदे पानी के जल में अर्ध्य देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आपको भिलाई नगर निगम क्षेत्र में स्थित कुरुद नकटा तालाब, वैकुंठ धाम तालाब और सेक्टर 2 का तालाब छठ पर्व के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां हजारों की संख्या में छठ पर्व मनाने लोग आते हैं। पूरे विधि विधान से वेदी की पूजा करने के लिए उगते सूर्य को अर्ध्य देतीं हैं।

## 1 नवम्बर को सभी शासकीय भवनों पर सजेगी आकर्षक रोशनी

# कलेक्टर ने लिया जिला स्तरीय राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में भी राज्योत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।जिला मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान में आगामी 02 से 04 नवम्बर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश की 25 वर्षों की विकास यात्रा, संस्कृति और उपलब्धियों की झलक प्रदर्शित होगी। राज्योत्सव का आयोजन पूरे उत्साह, सांस्कृतिक गरिमा और लोक परंपराओं के अनुरूप किया जाएगा।

■ पूरा शहर जगमगाएगा राज्योत्सव की आभा में

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित जीवंत प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार की प्रमुख योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा जिले की उपलब्धियों की झलक देखने को मिलेगी।साथ ही स्व-सहायता समूहों, स्थानीय कारीगरों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शन हेतु आकर्षक स्टॉल लगाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा और आत्मनिर्भर बेमेतरा की दिशा में कदम और मजबूत होंगे।



**पूरा बेमेतरा दमकेगा रोशनी की आभा में**

राज्य स्थापना के रजत महोत्सव वर्ष पर 1 नवम्बर की संध्या को जिले के सभी शासकीय भवनों, प्रमुख चौक-चौराहों, कार्यालय परिसरों एवं ऐतिहासिक स्थलों को आकर्षक विद्युत सज्जा से अलंकृत किया जाएगा। पूरा शहर छत्तीसगढ़ की एकता, गौरव और प्रगति की रोशनी से जगमगाएगा।

**कलेक्टर ने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षाः** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने राज्योत्सव स्थल बेसिक स्कूल मैदान पहुंचकर मंच, बैठक व्यवस्था, विद्युत सज्जा, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। तत्पश्चात दिशा सभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर राज्योत्सव की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि "राज्योत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान, संस्कृति और विकास यात्रा का प्रतीक है। प्रत्येक स्टॉल, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम राज्य की गरिमा के अनुरूप हों, यह सुनिश्चित किया जाए। आयोजन में स्वच्छता, अनुशासन और सौंदर्य का विशेष ध्यान रखा जाए। "उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन की उपलब्धियों पर केंद्रित आकर्षक स्टॉल लगाने के निर्देश दिए, वहीं जनसंपर्क विभाग को प्रदेश के 25 वर्षों की विकास यात्रा दर्शाने वाली फोटो एवं दृश्य प्रदर्शनी तैयार करने को कहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय स्कूली बच्चों और कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति का परिचय मिलेगा। राज्योत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु जिला स्तरीय दायित्व तय किए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज सहायक नोडल अधिकारी होंगी। मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेटिंग, यातायात नियंत्रण, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता और सजावट संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को सौंप दी गई है।

### बेलतरा में मातर-मड़ई आज

**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत बेलतरा में जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति कबीर पारा बेलतरा के द्वारा भव्य प्रसादी भोजन का आयोजन रखा गया था। जिसमें समस्त ग्रामवासियों को भोजन प्रसादी के लिए सादर आमंत्रित किया गया था। जिसमें सभी ग्राम वासियों का सहयोग रहा। ग्राम बेलतरा नयापारा जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति बेलतरा एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा दीपावली पर्व के पावन अवसर पर मां लक्ष्मी का स्थापना किया गया है। जिसके उपलक्ष्य में समिति द्वारा 24 अक्टूबर को रात्रि में झमाझम छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम मोंगरा के मया राजा रे नाइट स्टार गायिका मोंगरा विश्वकर्मा का कार्यक्रम रखा गया है। शुक्रवार को ग्राम में मातर मंड़ई का आयोजन रखा गया है। शुभ अवसर पर सभी प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### हिंदी में शतप्रतिशत करें काम, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक 17 अक्टूबर को कार्यपालक निदेशक एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई इस्पात संयंत्र पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कार्यपालक निदेशक,मुख्य महाप्रबंधक, सीजीएम संदीप माथुर, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक राजीव कुमार, कार्यपालक निदेशक सौमिक डे तथा संयंत्र के सभी विभाग प्रमुख ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। पवन कुमार ने कहा कि हिंदी में कामकाज करना आसान है, हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए राजभाषा विभाग निरंतर प्रयासरत है। सभी हिंदी में शत-प्रतिशत कार्य-व्यवहार करने का संकल्प करें। बैठक के आरंभ में अमूल्य प्रियदर्शी ने पुस्तक भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। राजीव कुमार ने कहा कि हमारा दायित्व है कि, हम स्वयं हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करें और साथ ही अपने सहकर्मियों को भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित करें। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### बार एवं रॉड मिल की टीम ने एनसीक्यूसी में जीता गोल्ड

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल की क्वालिटी सर्कल टीम सारथी की टीम ने तिरुपति में आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (एनसीक्यूसी 2025) में भाग लेकर गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया। देशभर से भाग लेने वाली अनेक टीमों में सारथी टीम ने अपनी नवोन्मेषी सोच, सटीक विश्लेषण के बल पर यह गोल्ड अवार्ड जीता व साथ ही बेस्ट प्रेजेंटेशन एवं स्लोगन प्रतियोगिता में भी विजेता रही। विभागाध्यक्ष व मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सफलता प्राप्त करना वास्तव में असाधारण उपलब्धि है। टीम का नेतृत्व उप प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने किया।

### ऊंचाई पर कार्य के दौरान बरतें सजगता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने अयस्क हैंडलिंग संयंत्र-ए (ओएचपी-ए) का निरीक्षण दौरा किया। उन्होंने संयंत्र परिसर में सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए टीम ओएचपी के साथ व्यापक सुरक्षा भ्रमण किया। वैगन टिपलर-4 और टिपलर-5 इकाइयों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से परिचालन सुरक्षा उपायों की जानकारी ली। राकेश कुमार ने कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्रत्येक कार्यस्थल के 360-डिग्री सुरक्षा मूल्यांकन के महत्व पर बल दिया। विशेष रूप से ऊँचाई पर कार्य करने के दौरान सावधानियों, कार्यस्थल की नियमित सफाई तथा प्रभावी हाउसकीपिंग को सुरक्षा संस्कृति की आधारशिला बताया।उन्होंने टिपलर इकाइयों में स्थापित सुरक्षा प्रणालियों का अवलोकन किया और सभी कर्मचारियों को मूलभूत सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी समस्या या चिंता को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा किया जाए। ताकि उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण संयंत्र संचालन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कैप्टिव 5 जी नेटवर्क का सफल परीक्षण, उच्च गति ट्रांसमिशन में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक और उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धि हासिल करते हुए किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के अंतर्गत पहली बार कैप्टिव 5 जी नेटवर्क का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण संयंत्र में औद्योगिक संचार, स्वचालन तथा उच्च गति डेटा ट्रांसमिशन की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पहल बीएसपी के दूरसंचार विभाग द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के सहयोग से की गई।

इस पूरी प्रक्रिया के दौरान विभागाध्यक्ष (दूरसंचार) प्रकाश तथा महाप्रबंधक (दूरसंचार) एचआर सिरमौर ने मार्गदर्शन प्रदान किया और परियोजना की समीक्षा सीजीएम टीके कृष्ण कुमार द्वारा की गई। परियोजना की नींव 12 जुलाई 2024 को आईआईटी दिल्ली एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग की टीमों के बीच हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान रखी गई थी, जिसमें संयंत्र में 5जी नेटवर्क तकनीक के कार्यान्वयन पर विमर्श हुआ। अगस्त 2025 के दौरान प्रोफेसर केके सिरोही व एएस मंडल ने बीएसपी के एसएमएस-3 विभाग का दौरा कर वहाँ के बुनियादी ढाँचे, कार्य प्रणालियों एवं संचार व्यवस्था को जाना। इसमें यह पाया गया कि भारी धातु संरचनाओं एवं उच्च ध्वनि (शोर) स्तर के कारण मोबाइल एवं वॉकी-टॉकी दोनों के सिग्नल कमजोर पड़ रहे थे, जिससे प्रभावी संचार में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थीं और परिचालन प्रदर्शन प्रभावित हो रहा था। निर्णय बाद आईआईटी दिल्ली की तकनीकी टीम ने 14 से 16 अक्टूब तक भिलाई इस्पात संयंत्र में कैप्टिव 5जी प्रणाली की स्थापना एवं परीक्षण किया।

## पीएसयू में पहली बार हो रहा सफल प्रयोग



### बीएसपी में परिणाम संतोषजनक

टीम ने बीओएफ नियंत्रण कक्ष, एलएफ-2, सीके-2 तथा बिलेट यार्ड सहित प्रमुख परिचालन बिंदुओं पर कैप्टिव 5जी नेटवर्क को सफलतापूर्वक स्थापित किया। वरिष्ठ प्रबंधक एस भट्टाचार्य एवं सहायक प्रबंधक प्रजेश श्रीवास्तव के समन्वय में वॉयस एवं वीडियो कॉल सिग्नल परीक्षण किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक पंकज राय द्वारा सीसीटीवी कैमरों एवं कंप्यूटरों के बीच वायरलेस कनेक्टिविटी स्थापित करने के लिए 5 जी नेटवर्क का प्रयोग किया गया। इसके परिणाम संतोषजनक रहे।

## सीटू ने सीजीएम व ईडी से की मांग, जल्द जारी करें डीम्ड एनडीसी

# अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल इनवेलिडेट कर्मी के आश्रित को भुगतान में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट हुए कर्मी के ग्रेच्युटी, एसईएसबीएफ, छुट्टी के अंतिम भुगतान के लिए डीम्ड एनडीसी जारी नहीं करने के कर्मचारियों को भुगतान में परेशानी हो रही है। यूनियनों ने प्रबंधन पर डीम्ड एनडीसी जल्द जारी करने के लिए दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। इससे संबंधित कर्मी को राहत मिलेगी।

सीटू की टीम ने बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीणा से मुलाकात कर मुख्य महाप्रबंधक और कार्यपालक निदेशक के नाम पत्र में समस्या के निदान की मांग की। सीटू ने बताया कि मौजूदा समय में मेडिकल अनफिट हुए कर्मियों को आवास देने संबंधी वर्तमान ने नियम से कर्मियों को कई तरह की परेशानी रही है। नियम के अनुसार

संयंत्र में कार्यरत कर्मी बीमारी के कारण दो कैटेगरी में मेडिकल अनफिट किए जाते हैं जिनमें से पहले कैटेगरी में मेडिकल अनफिट होने से लेकर कर्मी के सेवानिवृत्त (सुपर एनुवेशन) तक ई एफ बी एस स्कीम के तहत बेसिक डी ए मिलता है।

कर्मी को उनके निवासरत आवास में ही निवास करने के लिए कोई राशि भी जमा नहीं करना होता है। लेकिन दूसरे कैटेगरी में मेडिकल अनफिट होने पर उनके आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है लेकिन मेडिकल इनवेलिडेट किए जाने से लेकर आश्रित के अनुकंपा नियुक्ति होने तक यदि मेडिकल अनफिट हुआ कर्मी उसी आवास में निवासरत है तो उस कर्मी का सीपीएफ को छोड़ कर अन्य भुगतान जैसे ग्रेच्युटी, एस ई एस बी एफ एवं छुट्टी का पैसा तब तक रोक दिया जाता है, जब तक उस कर्मी द्वारा उस आवास को जमा नहीं कर दिया जाता है। अथवा आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद उक्त आवास उस आश्रित के नाम पर आबंटित नहीं कर दिया जाता है।

## यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बनाना किया शुरू



### परेशान हो जाता है बीमार कर्मचारी

आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट हुए कर्मी और उनके परिजन एक तरफ बीमारी के इलाज में व्यस्त रहते हैं और दूसरी तरफ आवास नहीं छोड़ने से आवास सम्बंधित एन डी सी जारी नहीं होने के कारण सीपीएफ को छोड़ कर अन्य भुगतान रोके जाने से परेशान होते हैं। मेडिकल इनवेलिडेट घोषित किए जाने और अनुकंपा नियुक्ति होने के बीच कितना समय लग सकता है यह आश्रित के एजुकेशन, कारपोरेट से एप्रूवल और अन्य किसी तकनीकी कारणों पर निर्भर करता है।

### खत्म हो भेदभाव पूर्ण नियम

संयंत्र से सामान्य रूप से सेवानिवृत्त होने के पश्चात कर्मी द्वारा रिटेंशन में आवास के लिए आवेदन करने पर नियमानुसार रिटेंशन स्कीम के अंतर्गत आवास की कैटेगरी के अनुसार एक निर्धारित राशि जमा करवाकर आवास को रिटेंशन में देने का प्रावधान है। लेकिन मेडिकल इनवेलिडेट घोषित होने वाले कर्मियों का आवास रखने के एवज में ग्रेच्युटी, एस ई एस बी एफ, छुट्टी का अन्तिम भुगतान रोकना भेदभाव पूर्ण रवैया है क्योंकि आवास के बदले में रोका गया यह रकम बहुत बड़ा होता है।

### कर्मियों को मिले राहत

सीटू ने बीएसपी प्रबंधन से मांग की है कि आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट किए जाने की स्थिति में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कर्मी को वर्तमान आवास में ही रहने दिया जाए और जब तक आश्रित को नियुक्ति नहीं मिल जाती है तब तक नगर प्रशासन सेवाएं विभाग द्वारा डीम्ड एनडीसी जारी किया जाए। ताकि आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट हुए कर्मी को सभी भुगतान मिल सके।

## कुगदा के विद्यालयों में बीएसपी ने डोम शेड का किया हस्तांतरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पुरई एवं कुगदा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में डोम शेड का निर्माण आर.ई.एस. (रूरल इंजीनियरिंग वर्कशॉप) के माध्यम से कराया गया। इन शेडों को को आयोजित समारोहों में विधिवत विद्यालय प्रबंधन को सुपुर्द किया गया।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुरई में आयोजित हस्तांतरण समारोह में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, पालक, ग्राम सरपंच एवं उप सरपंच की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन को डोम शेड का हस्तांतरण सीएसआर विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीएसपी-सीएसआर की ओर से महाप्रबंधक शिवराजन, उप प्रबंधक केके वर्मा एवं बुधेलाल उपस्थित थे। ग्राम कुगदा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निर्मित डोम शेड का हस्तांतरण कार्यक्रम में बीएसपी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (टीए एवं सीएसआर) श्री उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री शिवराजन, उप महाप्रबंधक (टीएसडी) श्री आर.के. गर्ग, उप प्रबंधक (सीएसआर) श्री के.के. वर्मा तथा श्री बुधेलाल सहित विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालकों के साथ-साथ पार्षद व पालक शिक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यालयों के प्राचार्य एवं जनप्रतिनिधियों ने बीएसपी के सतत सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी सुविधाएँ ग्रामीण छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराती हैं।

इस पहल का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना प्रदान करना है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं अन्य आयोजनों को भी सुगमता से संचालित किया जा सके। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जा रहा यह प्रयास ग्राम्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# संयंत्र स्तरीय वेल्डिंग प्रतियोगिता में दिखाया दमखम, मिला पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ वेल्डर्स (आईआईडब्ल्यू.), भिलाई शाखा के तत्वावधान में मार्स-3 विभाग में संविदा कर्मियों के मध्य संयंत्र स्तरीय वेल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 173 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने विजेता संविदा कर्मियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। दो श्रेणियों में आयोजित स्पर्धा मं जीएमएडब्ल्यू और एसएमएडब्ल्यू में में राजेश यादव व श्री अरुण कुमार चौधरी विजेता थे। विजेताओं ने आगामी 14-15 नवम्बर को कोच्ची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वेल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अहर्ता प्राप्त की। राकेश कुमार ने विजेताओं को बधाई दी और मानव संसाधन में निवेश एवं कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण वेल्डिंग उपकरणों की विश्वसनीयता उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाती है। प्रत्येक संसाधन का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाना चाहिए तथा सुरक्षा हेतु प्रत्येक पीपीई का शत-प्रतिशत पालन आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित वेल्डिंग कार्यों का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की और श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा सीजीएम एवं अध्यक्ष, आईआईडब्ल्यू भिला प्रमोद कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई।

मुख्य महाप्रबंधक एसके घोषाल, हरीश सचदेव, जीएम एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन-बीएसपी के अध्यक्ष एनके बन्छोर सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी, संविदाकर्मी तथा आईआईडब्ल्यू, भिलाई शाखा के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक वीरेंद्र ओगले द्वारा तथा महाप्रबंधक व मानद सचिव, राजेश अग्रवाल ने किया।

### जुआ के ठिकानों पर दबिश 54 पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** दिवाली पर दुर्ग पुलिस अलर्ट मोड पर है। रविवार को पुलिस ने जुआ खेलने वालों पर ठिकानों पर छापा मारा। पुलिस ने 14 मामलों में 54 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 1.45 लाख कैश, 6 मोबाइल, 1 बुलेट और दो चारपहिया सहित 20.61 लाख का माल बरामद किया गया है। अमलेश्वर थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर ग्राम करगा के फार्म हाउस में दबिश दी। मौके से 6 आरोपियों को ताश के साथ 1.11 लाख रुपए कैश, 6 मोबाइल, 1 बुलेट और 2 चारपहिया वाहन जब्त किया गया। जब्त सामानों की कीमत 19.15 लाख रुपए आंकी गई है। जिले के 6 थानों और 2 चौकियों की टीमों ने दबिश दिया। कार्रवाई अमलेश्वर, कुम्हारी, उतई, धमधा, नेवई, छावनी थाने और जेवरा-सिरसा व अंजोरा चौकी की पुलिस ने की।

### केंद्रीय यांत्रिक संगठन ने किया श्रमदान

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा स्वच्छता ही सेवा-पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। ज़ोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों सीएचएम, सीआरएम, आरवीसी, सीईडी, प्लांट गैरेज तथा मैकेनिकल सर्विसेस में विभाग प्रमुखों और कर्मचारियों ने अपने कार्यक्षेत्रों में सफाई एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ कीं। सभी विभागों के कर्मियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यस्थल की स्वच्छता को बनाए रखने में निरंतर योगदान देंगे।




### गोवर्धन पूजा के अवसर पर सांसद ने की गौ माता की पूजा

**भिलाई।** गोवर्धन पूजा पर सांसद विजय बघेल ने सेक्टर-5 स्थित निवास में पारंपरिक रूप से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी रजनी बघेल भी मौजूद थीं। गौ माता को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। भगवानी यादव द्वारा दोहे प्रस्तुत किए गए। सांसद ने कहा कि गोवर्धन पूजा की परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है। यह पर्व हमें हमारी संस्कृति और गौ माता के महत्व की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि जब प्रभु श्रीराम 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटे थे। तब दीप जलाकर दीपावली मनाई गई थी।

### दुर्ग में बच्चों संग शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने मनाई दिवाली

**दुर्ग।** दीपावली के पावन अवसर पर विष्णु की दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बच्चों संग दीप जलाकर फटाके फोड़े और दिवाली की खुशियां साझा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस अनूठे कार्यक्रम में बच्चों के साथ दीपोत्सव मनाकर मंत्री ने शिक्षा और संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। गजेन्द्र यादव ने कहा की शक्तिनगर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शाम 5 बजे से आयोजित विष्णु के दीया कार्यक्रम में शामिल होकर देश का भविष्य गढ़ने वाले बच्चों के साथ दिवाली मनाई। बच्चों को सम्बोधित करते हुए स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ल गढ़े बर थीम को लेकर जीवन में शिक्षा के महत्त्व को बताते हुए पढ़ाई करने प्रेरित किये।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


Since 2007
पिछले 6 वर्षों की तरह, एक बार फिर से लेकर आया है
अपने सभी सम्मानीय ग्राहकों के लिए
श्री
SHREE
JEWELLERS
सोने पर सुहागा ऑफर
खरीदिए सोने के आभूषण और पाइए खुशियों के खजाने
ऑफर अवधि
22.09.2025 से
16.07.2026 तक
3 HONDA ACTIVA
तीन विजेताओं को
1st
बंपर ड्रॉ की तिथि
26.07.2026
मात्र
₹12,000
की खरीदी पर पाएं कूपन
बंपर ड्रॉ में जीतें
लाखों के इनाम!
2nd 1 LUXURIOUS SOFA SET
3rd 2 SMART LED TV (40 INCH)
4th 3 FREEZE (230L)
5th 3 JAMBO SYMPHONY COOLER
6th 3 WASHING MACHINE
इतना ही नहीं !
हर महीने पाएं मौका जीतने का
1 स्मार्ट LED TV (40 इंच)
05 Trolly Bag
हर महीने की प्रथम शनिवार को
7th 4 ALMIRAH (78 INCH)
8th 3 SMART MOBILE PHONE
9th 10 HOME THEATER
10th 10 MIXER GRINDER
11th
50
सांत्वना पुरस्कार
श्री ज्वेलर्स, पालिका बाजार के सामने, भारत माता चौक, बेमेतरा (छ.ग.)
78698-25787

## खबर संक्षेप



### भाई बहन के रिश्तों में मिठास लाती है भाई दूज का पर्व

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव बसनी धनेली भगतपुर मोहतरा कला घोरपेंड्री कुंडा एवं दामापुर क्षेत्र में भाई दूज बड़ी धूमधाम से व भाई बहन का प्यार का देखने को मिला भाई दूज का पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व बहन-भाई के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। बहन अपने भाई की लम्बी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती है, और भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन देता है। भाई दूज की कथा पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया के दो संतानें थीं यमराज और यमुना। यमराज मृत्यु के देवता बने, जबकि यमुना एक पवित्र और प्रिय नदी के रूप में पूजी जाती हैं। बचपन से ही यमुना अपने भाई यमराज से अत्यंत स्नेह करती थीं और हमेशा यह इच्छा रखती थीं कि उनका भाई एक बार उनके घर आए और उनके हाथों से भोजन ग्रहण करे। वे बार-बार यमराज को निमंत्रण देती थीं, लेकिन यमराज अपने कार्यों में इतने व्यस्त रहते कि वे हर बार टाल देते थे। फिर एक दिन, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यमराज बिना बताए अचानक यमुना के घर आ पहुँचे। भाई को अपने घर देखकर यमुना अत्यंत हर्षित हुईं।

### ग्राम मक्के शाला में बच्चों ने मनाया दीपोत्सव

**कवर्धा।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में दीपावली हर्षल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर छात्र-छात्रों द्वारा रंगोली व दीपावली साज-सजा कर रंगोली तैयार किया गया। जिसमें शुभ दीपावली व धनतेरस एवं रंगोली के माध्यम से छात्रों ने शानदार मनमोहक रंगोली बनाया। जिसमें छात्रा रूपांजलि, सोनम, तामनी, लोकेश्वरी, पूर्णिमा, दुर्गा, संतोषी, नमृता, पूनम, खिलेश्वरी, द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें सुआ गीत किया गया। छात्रों ने एक दूसरे को बधाई शुभकामना दी ।

### रात्रि कालीन डांस स्पर्धा सेमरहा में आयोजित

**कोलेगांव।** दिपावली के पावन अवसर पर उपकार युवा समिति सेमरहा के द्वारा रात्रि कालीन भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन 8 वां वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ किया गया, जिसमें युवा समाजसेवी ग्रामीण क्षेत्र अशोक मरावी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए, वही समिति के द्वारा अशोक मरावी का भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उद्बोधन में अशोक मरावी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को दीपावली कि ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दीं और सुख समृद्धि कि कामना की और कहा कि यहां लोगों का जो संगठन हैं यहां के युवाओं का जो योगदान और संगठन हैं बहुत ही सराहनीय है जो इस प्रकार के बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित करते हैं ये केवल एक कार्यक्रम हीं नहीं है हम सबको एक साथ मिलकर इस त्योहार को खुशी-खुशी मनाने का बहुत बड़ा अवसर हैं। इस डांस प्रतियोगिता में लगभग 31 गांव के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

## पर्व

### गौरा-चौरा स्थल पहुंचकर श्रद्धालुओं ने गीत गाकर गौरी-गौरा को जगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला अंचल क्षेत्र में गौरा गौरी की परम्परिक रूप से भव्य शोभायात्रा निकालकर विधिविधान पूजा अर्चना कर धूमधाम से गांव के तालाब में विसर्जन किया गया। बता दें कि दीपावली के त्यौहार बड़े उत्साह के साथ पारम्परिक रूप से मनाया गया। वही अंचल में गौरा-गौरी का आयोजन पारंपरिक उल्लास के साथ गौरी-गौरा पर्व गांव के साथ शहर में भी धूमधाम से मनाया गया। पर्व मनाने की शुरूवात धनतेरस से हुई थी। धनतेरस के दिन गौरी-गौरा को जगाने की रस्में होती है। गौरा-चौरा स्थल पहुंचकर श्रद्धालुओं ने गीत गाकर गौरी-गौरा को जगाया। इस दौरान अंडे को कुचलकर रस्म निभाया जाता है। जिसे फूल कुचलना कहा जाता है।

दीपावली पर्व के दिन सुबह तालाब से मिट्टी लाकर गौरी गौरा की प्रतिमा बनाई गई। रात को बाजा गाजा तथा कलश के साथ गौरा गौरी की बारात निकालकर गौरा चौरा स्थल पहुंचे। उसके बाद परिक्रमा कर गौरा चौरा में गौरी गौरा मूर्ति स्थापित की गई। महिलाओं ने गौरा गीत गाकर सभी के लिए प्रार्थना की। लक्ष्मीपूजा के दिन भगवान शिव (गौरा) व पार्वती(गौरी) के स्वरूप मूर्ति प्रतिमा बना कर रात्रिकालीन उनके बारात निकाली गई। जिसमें आदिवासी गोंडवाना समाज की महिलाएं भंवर गीत व नानम प्रकार की गीत से गौरा गौरी स्वागत व वंदना किया गया। साथ ही सोलह श्रृंगार व सजावट से सुसज्जित किया गया। वहीं दूसरे दिन रात्रिकालीन सुबह की 3 बजे सेवा गीत व पारम्परिक गीत से सुशोभित कर गाजे बाजे की धूम मचा रहा जिसे देखने गांव में बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# अंचल में धूमधाम से मनाया गौरा-गौरी का पर्व गोंडवाना समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



#### महिलाओं ने गए गौरा -गौरी गीत

सभी गोंडवाना समाज के साथ समस्त ग्रामीण इस भव्य आयोजन में शामिल होकर भगवान गौरा गौरी विवाह में शामिल होकर आनंद लिया गया। यह गोंडवाना समाज के पारंपरिक पर्व हर साल की भांति इस वर्ष भी दीपावली त्यौहार में धूम धाम से मनाया जाता है। जिससे दीपावली और भी रौनकता व त्यौहार में अपनापन व पारंपरिक पर्व को धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसके बाद गांव व शहर में सुबह से गौरा गौरी की दर्शन पाने बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिला। सभी भक्त भगवान शिव गौरा व पार्वती गौरी की पूजा अर्चना कर श्रीफल भेंट किया गया। उसके बाद विधिविधान से पूजा अर्चना कर गांव व नगर के गलियों की भव्य शोभायात्रा निकालकर भ्रमण किया गया। इस दौरान कई ग्रामीण अपने भ्रमण के दौरान अपने घर के सामने गौरा गौरी आने पर आरती पूजा किया गया। इस शोभायात्रा के दौरान महिलाएं द्वारा गौरा गौरी गीत गाते रहे।

वही गांव के समीप तालाब में पहुंचने पर विधिविधान से पूजा किया गया। इस दौरान गोंडवाना समाज गौरा गौरी से प्राथना करते हुए सबकी सुख समृद्धि की कामना करते है। फिर एक-एक कर गौरा गौरी की धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस अवसर पर गोंडवाना समाज के प्रह्लाद नेताम, संतोषी नेताम, मुन्ना कुंजाम, गजानंद गोंड, संदीप गोंड, कृष्ना कुंजाम, अनुघ कुंजाम, धन्नजय कुंजाम, नीलेश नेताम, ऋषि नेताम, करण गोंड आदि ग्रामीण शामिल रहे।

## जिले में धूमधाम से मना गौरा-गौरी उत्सव दर्जन भर से अधिक बारातें निकलीं

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण अंचलों में गौरा गौरी त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा विधि विधान से गौरा गौरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। शहर के बाजार पारा, पिकरी वार्ड, सिंघारी,

- शहर के वार्डों में आयोजित गौरा गौरी पूजा अर्चना में शामिल हुए नपा अध्यक्ष विजय सिंहा

मोहभट्ठा वार्ड, कुर्मी पारा समेत अन्य वार्डों में धूमधाम से मनाया गया यहां सैकड़ो वार्डवासी गौरी गौरी बारात में शामिल हुए। शहर के मुख्य चौक चौराहा से होते हुए शोभायात्रा का समापन पिकरी तालाब में प्रतिमाओं के विसर्जन से हुआ यात्राओं इस अवसर पर सिंघौरी वार्ड में वार्ड पार्षद विकास तंबोली नीतू कोठारी निखिल साहू युगल देवांगन नरेश साहू समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे। शहर में करीब दर्जन भर से अधिक गौरा गौरी बारात निकाली गई। जिसमें श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा मे सुसज्जित नजर आए. वहीं महिलाएं पारंपरिक गीतों के साथ जोत



जावरा लेकर नाच गा रही थी पुरुष वर्ग ढोल मांदर गड़वा बाजा की थाप पर नाचते गाते हुए गौरा गौरी की पूजा में शामिल हुए। इस पर्व को खासकर आदिवासी व गौड़ समाज समेत हर वर्ग जाति के लोग मानते हैं।

#### पूजा में शामिल होने का सौभाग्य मिला : अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि आदिवासी व गौड़ समाज ने अपनी पुरानी परंपराओं को जीवित रखा है समाज आज भी गौरी गौरा पर्व को बड़े उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह को प्रतीकात्मक रूप से मनाया जाता है। मिट्टी से बने गौरा गौरी को श्रद्धालु निर्धारित पूजा स्थल पर स्थापित कर विधि विधान से विवाह की रस्में निभाई जाती हैं। इस दौरान शहर के कई वार्डों में पूजा अर्चना में शामिल होने का सौभाग्य मिला।



## ग्राम रेवे में धूमधाम से हुआ गौरा-गौरी विसर्जन

**बेरला।** ब्लॉक बेरला के निकटवर्तीय ग्राम रेवे दिपावली के दिन गौरा-गौरी का स्थापना कर दूसरे दिन धूमधाम से विसर्जन किया गया। ग्राम रेवे में प्रति वर्ष की भांती इस वर्ष भी छः जोडी गौरा गौरी की प्रतिमा स्थापित हुआ था।

जिसमें गांव में बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया जाता है जिन लोगों ने गौरा गौरी रखता है। उनके घरों में ले जाया जाता है। जिससे भगवान शंकर माता पार्वती का विवाह के रूप में लोग अपने घरों में पूजा-अर्चना कर माता पार्वती भोले शंकर के साथ बिदाई करते है। जैसे अपने बेटी की शादी में बेटी की बिदाई करते है और भोले शंकर जैसे अपने बेटे की बरात जाते है वैसे गौरा गौरी की स्थापना कार्यक्रम बड़ी हर्षोल्लास के साथ गांव के लोगों में खुशी का माहोल रहता है। वही दिलीप साहू द्वारा आजीवन गौरा गौरी रखने का आज 6 वर्ष पहले से चला आ रहा है। साथ ही मनोकामना गौरा-गौरी 5 लोगों के द्वारा रखा गया था। इस वर्ष जिसमें ग्रामवासी व ठाकुर लोगो का विषेश सहयोग रहता है।

## भाई दूज पर बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक, मुंह मीठा कर लंबी उम्र की कामना

**बेमेतरा।** भाई-बहन के प्यार और रिश्तों को पवित्र करने वाला त्यौहार भाई दूज बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शिक्षक नुटेश्वर ने इस त्यौहार के पीछे पौराणिक मान्यताओं को बताया कि भाई दूज के दिन ही यमराज अपनी बहन यमुना के घर गए थे।इसके बाद से ही भाई दूज या यम द्वितीया मनाने की परम्परा शुरू हुई। सूर्य पुत्र यम और यमी भाई बहन थे।

यमुना के कई बार बुलाने पर एक दिन यमराज यमुना के घर पहुंचे। इस मौके पर यमुना ने प्रसन्न होकर यमराज को भोजन कराया और माथे पर तिलक लगाकर उनके खुशहाल कामना की। जीवन की इसके बाद जब यमराज ने बहन यमुना से वरदान मांगने को कहा, तो यमुना ने कहा कि आप हर वर्ष इस दिन मेरे घर आया करो



और इस दिन जो भी बहन अपने भाई का तिलक करेगी उसे तुम्हारा भय नहीं होगा। बहन यमुना के वचन सुनकर यमराज अति प्रसन्न हुए और उन्हें आशीष प्रदान किया। इसी दिन से भाई दूज पर्व की शुरुआत हुई। इस दिन बहनें भाई की लंबी उम्र की कामना के लिए यम के नाम का दीपक घर के बाहर जलाती है। इस दिन यम की पूजा करते हुए बहन प्रार्थना करें कि हे यमराज, मार्कण्डेय ऋषि, हनुमान जी, दैत्यराज राजा बलि, ब्रह्मर्षि वेद व्यास, विभीषण, मुनि कृपाचार्य, परशुराम तथा अश्वत्थामा इन आठ चिरंजीवियों की तरह मेरे भाई को भी चिरंजीवी होने का वरदान दें।



## भाजपा नेताओं ने गौरा-गौरी पूजन में शामिल होकर दिया सेवा और संगठन का संदेश

**बेमेतरा।** दीपावली का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा बेमेतरा के जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, भाजपा शहर अध्यक्ष युगल देवांगन ने क्षेत्रों में भ्रमण कर गौरा-गौरी पूजन, महालक्ष्मी प्रतिमा दर्शन एवं मांगलिक कार्यक्रमों में सहभागी बनकर जन-जन को दीपावली की शुभकामनाएं और मंगल संदेश प्रेषित किए। वार्ड क्रमांक 15 में सक्रिय कार्यकर्ताओं, सामाजिक जनों एवं आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा गौरा-गौरी पूजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। वहीं वार्ड क्रमांक 01 शीतला मंदिर प्रांगण एवं 02 (शिव मंदिर, पिकरी मानपुर) वार्ड क्रमांक 06 मोहभटठा में सामूहिक पूजन व महालक्ष्मी पूजन में शामिल हुए जहां श्री देवांगन ने कहा कि दीपावली का पर्व हमें संगठन, समर्पण और सेवा की प्रेरणा देता है। कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक प्रकाश और सेवा का संदेश पहुंचा रहे हैं यही सच्ची दीपावली है।

### गोपालभैना में भाजपा नेता मिंटू ने की गोवर्धन पूजा



**नवागढ़।** भाजपा नेता मिंटू बिसेन ने अपने गृह ग्राम गोपालभैना में परंपरानुसार गोवर्धन पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। पूजा कार्यक्रम में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## पूर्व जिपं सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी बिहार विस चुनाव प्रचार अभियान में होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता और बेमेतरा की पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होने जा रही हैं। वे छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में बिहार के विभिन्न जिलों में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क, महिला सम्मेलन और संवाद कार्यक्रमों में भाग लेंगी। प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश नई ऊर्जा, नए आत्मविश्वास और नारी शक्ति के सशक्तिकरण के युग में प्रवेश कर चुका है। बिहार में भाजपा की विजय केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं होगी, बल्कि यह "विकसित भारत" के संकल्प को सशक्त करने



का प्रतीक बनेगी। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा का लक्ष्य है – "हर घर तक भाजपा का संदेश, हर महिला तक आत्मनिर्भरता का विश्वास"। इसी उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की महिला कार्यकर्ता बिहार में डोर-टू-डोर संपर्क, महिला संवाद, आत्मनिर्भरता कार्यशालाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से संवाद करेंगी। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि "छत्तीसगढ़ की महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी बिहार के चुनावी अभियान में नई प्रेरणा और उत्साह का संचार करेगी। संगठन का यह संयुक्त प्रयास महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण दोनों को गति देगा।"

रजककार बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रह्लाद रजक ने भी प्रज्ञा निर्वाणी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बेमेतरा की यह बेटी अब बिहार की धरती पर राष्ट्र सेवा का संदेश लेकर जा रही है, उनकी विशिष्ट चुनाव प्रचार शैली का लाभ स्थानीय भाजपा प्रत्याशी को होगा..प्रज्ञा निर्वाणी आने वाले सप्ताह में बिहार के कई जिलों में महिला सम्मेलन और नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगी। भाजपा संगठन ने उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें महिला मोर्चा के विशेष प्रचार दल में शामिल किया है।

### साइकिलिंग में शलिता, कुमेश्वरी विजेता

**साल्हेवारा।** खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस लीग की साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित किया जिसमें लगभग 100 बालिका एवं महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट के सचिव जनक लाल साहू ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि निजाम सिंह मंडावी जिला उपाध्यक्ष भाजपा थे। इस दौरान जनपद सदस्य मन्नू मरकाम, दशरथ पटेल, गगन अग्रवाल, बहादुरसिंह खुशरो, नरेन्द्र पटले आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम शलिता पटेल, द्वितीय हसीना पटेल, तृतीय बुधन पटेल, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम कुमेश्वरी, द्वितीय बिंदिया पटेल, तृतीय किरण जामेवार, सीनियर वर्ग में प्रथम रेशमा मरावी, द्वितीय निधि साहू तथा तृतीय भूमिका सिन्हा रही। विजेताओं को अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण के दौरान देवप्रकाश वर्मा ने साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट को बेस्ट अपकमिंग डिस्ट्रिक्ट का शील्ड प्रदान किया। इस आयोजन में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव देवप्रकाश वर्मा, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट के सचिव जनक लाल साहू, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव शशांक देशमुख, सदस्य अभिषेक मिश्रा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, ताजू खान गोरी, प्रियंकेश कश्यप, निधि साहू,आशीष साहू, रोहित अचला, कुशाल सिंग आदि मौजूद थे।

### दीवान को जाल ओढ़ाकर दी गई दीपावली की शुभकामनाएं

# निषादों का जाल खुशहाली का प्रतीक : विकास धर दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

दीपावली पर्व पर नवागढ़ में इस वर्ष एक खास और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जहाँ निषाद समाज के लोगों ने अपनी सदियों पुरानी परंपरा को निभाते हुए नगर प्रधान विकास धर दीवान को मछली पकड़ने वाला जाल ओढ़ाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। सोमवार को दीवान बाड़ा में निषाद समाज के सैकड़ों लोग एकत्र हुए, और पूरा परिसर परंपरा, उत्साह और नारों से गूंज उठा। दीपावली के अवसर पर निषाद समाज की यह प्राचीन परंपरा आज भी जस की तस जीवंत है, जिसके तहत समाज के लोग घर-घर जाकर मछली पकड़ने वाला जाल ओढ़ाकर परिवार के कल्याण, सुख और समृद्धि की कामना करते हैं। परंपरा अनुसार,



हर वर्ष इसकी शुरुआत मालगुजार परिवार (दीवान परिवार) से की जाती है।

**जाल ओढ़ाना, सुरक्षा और खुशहाली का प्रतीक:** नगर प्रधान विकास धर दीवान ने निषाद समाज के इस भावुक स्नेह पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने जाल ओढ़ाने की परंपरा का महत्व बताते हुए कहा कि, निषाद समाज जब घर पर जाल ओढ़ाता है, तो यह प्रतीक है कि परिवार की हर समस्या, हर नकारात्मकता उसी जाल में फँसकर चली जाती है। यह जाल खुशहाली और सुरक्षा का प्रतीक है। दीवान ने निषाद समाज के पूर्वज गुहा निषादराज का स्मरण किया, जिन्होंने वनवास काल में भगवान श्रीराम को नदी पार कराई थी। उन्होंने कहा कि सेवा, समर्पण और निस्वार्थ भाव की वही भावना आज भी इस समाज में जीवित है। दीवान ने जोर देकर कहा कि निषाद समाज से उनका संबंध केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक है। उन्होंने सभी समाजों को साथ लेकर नवागढ़ के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

**दीवान बाड़ा में उमड़ा जनसैलाब:** इस अवसर पर दीवान बाड़ा में निषाद समाज के लोगों की भारी भीड़ (जनसैलाब) उमड़ पड़ी। ढोल-नगाड़े और तालियों की गूंज के बीच, बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक, सभी ने परंपरा निभाते हुए **/"दीवान जी जिंदाबाद/"** के नारों के साथ उन्हें दीपावली की बधाई दी। इस दौरान अशोक निषाद, सुरेश निषाद, गोवर्धन निषाद, पलटू निषाद, राजू निषाद, परमानंद निषाद, शत्रुहन निषाद, राजेश निषाद, रामनाथ निषाद, भोला निषाद, कुंजू निषाद, शंकर निषाद, पक्कू निषाद, छबि निषाद, अनूप निषाद, रामकुमार निषाद, बिसाहू निषाद, परदेशी निषाद, रमेश निषाद, कार्तिक निषाद, बल्लू निषाद, अजय निषाद, गुड्डू निषाद, जानी निषाद, अवध निषाद, चंदू निषाद, गणेश निषाद, खेलु निषाद, संतोष निषाद, रज्जु निषाद, उमेश निषाद, कालू निषाद, धरमु निषाद, सुखराम निषाद, दरसु निषाद, आकाश निषाद, सागर निषाद, रवि निषाद, कृष्णा निषाद, गौतरिहा निषाद, सुन्दर निषाद, सीताराम निषाद, बंटी निषाद, गणेश निषाद, तन्ने निषाद, धनाऊ निषाद, मिथलेश निषाद, दीपक निषाद, जितेंद्र निषाद, मगलू निषाद, नारायण निषाद, करण निषाद, नंदू निषाद, दुर्गेश निषाद, बिष्णु निषाद, सुरतिया निषाद, वाशु निषाद, हुलाश यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

